Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 22nd September, 2022

Interview Tips - How to express about your personality while facing Interview

अपनी पर्सनैलिटी के बारे में इंटरव्यू में कैसे बताएं

इंटरव्यू में अक्सर यह सवाल पूछा जाता है कि आप अपने बारे में बताएं। यानी आपको अपनी पर्सनैलिटी की जानकारी इंटरव्यूअर को देनी है। इस सवाल का जवाब देते समय ज्यादातर कैंडिडेट सालों से चली आ रही पुरानी लाइन का इस्तेमाल करते हैं। जवाब की शुरुआत में ही खुद को हार्ड वर्कर और ईमानदार बताते हैं। इससे इंटरव्यूअर पर नकारात्मक असर पड़ता है क्योंकि ज्यादातर कैंडिडेट यही कहते हैं। इसलिए पर्सनैलिटी के बारे में बताते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। जानिए, इनके बारे में...

ये बातें कहने से बचें

- अपनी पर्सनैलिटी के बारे में बताएं? यह सवाल पूछने पर ज्यादातर कैंडिडेट शुरुआत में ही, मैं हार्डवर्कर हूं, मैं परफेक्शनिस्ट हूं, मैं एक ईमानदार ईंसान हूं... ऐसी लाइनें बोलने से बचें।

10 में से 9 लोग, जवाब देने के लिए पुरानी लाइनों का इस्तेमाल करते हैं।

- पर्सनैलिटी के बारे में बताते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आपने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उससे जोड़ते हुए बात कहें। इस तरह आपकी बात दूसरे कैंडिडेट्स के रटे-रटाए जवाब से अलग होगी। इससे उन पर सकारात्मक असर होगा।

उदाहरण से समझें

अगर आपने कस्टमर सर्विस की जॉब के लिए अप्लाई किया है तो कह सकते हैं कि मुझे प्रॉब्लम को सॉल्व करने में दिलचस्पी है। कम से कम समय में समस्या का समाधान करने में समर्थ हूं। वहीं, एडिमिनिस्ट्रेटिव जॉब के लिए यदि आवेदन किया है तो कह सकते हैं, मैं हमेशा से ही एक ऑर्गेनाइज पर्सन रहा हूं, पिछली जॉब में भी इस खूबी के कारण टॉरगेट को अचीव किया है।

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)